आईआईएम में कहा, लक्ष्य का रखें ख्याल

रांची। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची में सोमवार को शिव खेड़ा का प्रेरक सत्र आयोजित किया गया। अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने की। शिव खेड़ा ने व्यक्तिगत विकास और सफलता पर अंतर्दृष्टि साझा की।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में लचीलेपन और दृढ़ संकल्प के महत्व पर जोर दिया। मेहनत, समर्पण व नैतिकता के माध्यम से धन कमाने के महत्व व स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने व सफलता की कल्पना करने के महत्व पर भी बात की। शिव खेड़ा ने प्रतिस्पर्धी दुनिया में आगे बढ़ने के लिए प्राथमिकता देने और अनुनय कौशल व शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और वित्तीय ताकत के महत्व पर चर्चा की।

Hindustan, 17.10.2023, Pg.10